インド・インディー語でのメッセージ

आपके टीबी या क्षय रोग के जान्च के बाद आप और आपके परिवार वाले अचरज मे पड गये होंगे ।

टीबी रोग एक फ़ैलनेवाली बिमारी है जो खाँसी , छीःख , थूक आदि द्वारा एक से दूसरे व्यक्ति को फ़ैलती है। लेकिन चिन्ता की कोई बात नहीं! आजकल इस रोग के खिलाफ़ इतनी तरक्की हो चुकी है कि ,टीबी का इलाज औषदी के सेवन द्वारा मुम्किन है।

सबसे मुश्किल एवं अत्यावश्यक अंश इस इलाज मे यह है कि रोग के लक्षण न होने पर भी औषदी का सेवन जारी रखना पडता है । शुरुवात मे परेशानी हो सकती है किन्तु याद रखिये इस मुसीबत मे आप अकेले नही हैं । आपके साथ आपके डाक्टर ,आरोग्य सिबंधी और आपके अपने चाहने वाले जुडे रहेंगे ताकी आपका इलाज पूरा हो सके ।

यह इलाज को आप अपने देश लौटने के बाद भी जारी रख सकते हैं । इस सफ़र के लिये आपको हमारी शुभकामनाये !